प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की कर रहे हैं अध्यक्षता, झारखंड के मुख्य सचिव भी ले रहे हैं भाग।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर, सरायकेला के डीसी– एसपी ने एनआइटी जमशेदपुर का लिया जायजा। रांची से गुमला तक सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।
3. केटीपीएस की दोनों यूनिट बंद होने से कोडरमा में बिजली संकट गहराया, दो जनवरी से स्थिति में सुधार की संभावना।
4. 1971 के भारत–पाक युद्ध के नायक और परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की जयंती पर भाजपा ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी हुए शामिल।
5. रांची में 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता आज से शुरु, देश भर से लगभग 950 योग प्रतिभागी और तकनीकी अधिकारी ले रहे हैं हिस्सा।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। इस सम्मेलन में झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार तथा विशेष सचिवराजीव रंजन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि कल से शुरू हुए तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है।

************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर कल शाम रांची आयेंगी। 29 दिसंबर को वे जमशेदपुर जाएंगी, जहां एनआइटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सरायकेला–खरसांवा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में एसपी मनोज कुमार लुनायत ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा पहलुओं पर विशेष नजर रखी जा रही है।

राष्ट्रपति मुर्मू जमशेदपुर में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। इस लिपि का सृजन 1925 में रघुनाथ मुर्मु ने संथाली भाषा के लिए किया था। यह लिपि संथाल आदिवासी समुदाय के लिए सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी पहचान, साहित्य और विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति 30 दिसंबर को गुमला में अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह – कार्तिक जतरा को भी संबोधित करेंगी।

************************

कोडरमा में मेंटेनेंस कार्य के कारण कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन–केटीपीएस की एक यूनिट से पांच सौ मेगावाट उत्पादन बंद है, जिससे जिले में बिजली संकट गहरा गया है। 132 केवीए कंडक्टर रिप्लेसमेंट कार्य में देरी की वजह से 1 जनवरी 2026 तक शहरी क्षेत्रों में 16–17 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 12 घंटे ही बिजली मिल पाएगी। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता रणधीर कुमार ने बताया कि 2 जनवरी से जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।

************************

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग ऑफ़ पुलिस स्टेशन 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में सरायकेला–खरसावां जिले के चौका थाना को देश में चौथा और झारखंड में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। 18 हजार से अधिक थानों के बीच हुए इस मूल्यांकन में अपराध के आंकड़े, बुनियादी ढांचे, नागरिकों का फीडबैक और पुलिसकर्मियों का

व्यवहार जैसे मानकों को शामिल किया गया। सरायकेला–खरसावां के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने इस उपलब्धि को संपूर्ण झारखंड पुलिस की कार्यक्षमता का प्रतीक बताया।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन–की–बात की 129वीं कड़ी के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

**********************

रांची महानगर भाजपा द्वारा 1971 के भारत–पाक युद्ध के नायक और परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की जयंती पर आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर श्री सेठ ने शहीद एक्का के अदम्य साहस और 1971 के युद्ध में उनके बलिदान को याद करते हुए उन्हें झारखंडी माटी का गौरव बताया।

**********************

चतरा जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बायो फ्लॉक विधि से मछली पालन महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वें सिख गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह ने अदम्य साहस और असाधारण बुद्धिमत्ता से लोगों को धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थान, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की इस वर्ष की यात्रा की तस्वीरें साझा की हैं। श्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह साहस, करुणा और त्याग के प्रतीक  हैं।

**********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 29 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 38 हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य के 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

रांची के रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में आज से  50वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। झारखंड योग एसोसिएशन और अरविंदो सोसायटी के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग नौ सौ पचास योग प्रतिभागी और तकनीकी अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर तक जारी रहेगी।

**********************